ಮಾನವಸಂಪನ್ಮೂಲವಿಭಾಗ/मानवसंसाधनअनुभाग/**HUMAN RESOURCES SECTION**
ಭಾರತೀಯವಿಜ್ಞಾನಸಂಸ್ಥೆ/भारतीयविज्ञानसंस्थान/**INDIAN INSTITUTE OF SCIENCE**
ಬೆಂಗಳೂರು/बेंगलूर/**BANGALORE – 560012**
ದೂರವಾಣಿ/दूरभाष/**TELEPHONE : 2293 2231 / 2232 / 2941**
ಇ-ಮೇಲ್/E-mail/ईमेल : **office.hr@iisc.ac.in**

# तकनीकी सहायक के पदों के लिए अधिसूचना

**विज्ञापन संख्या आर (एचआर) / भर्ती -2/2022**

**पदों की संख्या : 100 (अनारक्षित-42, अन्य पिछड़ा वर्ग-25, अनुसूचित जाति-16, अनुसूचित जनजाति-7, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग-10)**

4 रिक्तियाँ विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित हैं, श्रवण बाधित और अस्थि विकलांग के लिए दो-दो।
**शैक्षिक योग्यताएँ**: न्यूनतम 55% अंकों के साथ बी.टेक/बीई/बी आर्क/बी.एससी./बीसीए/बीवीएससी

जहाँ कहीं भी, उम्मीदवारों ने अंकों के स्थान पर ग्रेड प्राप्त किया है, उम्मीदवारों को अपने विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा निर्धारित रूपांतरण सूत्र के आधार पर ग्रेड को अंकों में बदलना होगा और आवेदन पत्र भरना होगा।
**आयु सीमा:** 28.02.2022 को 26 वर्ष।
आयु सीमा में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 5 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 3 वर्ष, विकलांग व्यक्तियों के लिए 10 वर्ष भूतपूर्व सैनिक के लिए सेवा के वर्षों की संख्या +3 वर्ष की छूट होगी ।
अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित रिक्ति के लिए उपलब्ध आयु छूट के साथ बेंचमार्क विकलांगता वाले उम्मीदवारों के लिए संचयी आयु छूट की अनुमति है।
संस्थान में वर्तमान में कार्यरत अस्थायी/परियोजना कर्मचारियों, जिन्होंने संस्थान में तीन वर्ष की सेवा पूरी कर ली है, के लिए उनकी सेवा की सीमा तक एकमुश्त छूट प्रदान की जाती है।
**वेतन मैट्रिक्स लेवल और वेतन** : लेवल 3 - बेसिक वेतन 21700 रुपये (सेल 1) तथा संस्थान में प्रचलित दरों के अनुसार भत्ते

**चयन की विधि**

**चयन -**_पूरी तरह से नौकरी उन्मुख योग्यता परीक्षा (100% वेटेज) के आधार पर।

लिखित एप्टीट्यूड टेस्ट कंप्यूटर आधारित एमसीक्यू टेस्ट होगा। परीक्षा की योजना और पाठ्यक्रम अनुबंध-I पर है। उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन में पेपर बी के तहत दो विकल्पों को अपडेट करना आवश्यक है। एक बार चुनने के बाद, विकल्पों को किसी भी परिस्थिति में बदला नहीं जा सकता है।

**शुल्क:**
अनारक्षित, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग उम्मीदवारों के लिए - रु. 500/-

महिला उम्मीदवार और

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विकलांग, परलैंगिक व्यक्ति
और भूतपूर्व सैनिक से संबंधित उम्मीदवार - शून्य

एक बार भुगतान किया गया शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।

**<u>नियम और शर्तें</u>**

1. उम्मीदवार को भारत का नागरिक होना चाहिए।
2. नियुक्तियाँ नियमित आधार पर हैं जिसमें 2 वर्ष की परिवीक्षा अवधि होती है और ये उस महीने के अंतिम दिन को समाप्त होती हैं, जिस महीने नियुक्त व्यक्ति सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त करता है।
3. तकनीकी सहायकों का पद, एक पैर प्रभावित (ओएच श्रेणी) और श्रवण बाधित (एचएच) जैसे विकलांग उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त है ।
4. शारीरिक रूप से विकलांग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए आयु और योग्यता में छूट, संस्थान के लिए लागू भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार होती है।
5. आवेदन पत्र के साथ, उनके द्वारा प्राप्त योग्यता के साक्ष्य में (कक्षा 10 वीं से शुरू करते हुए) अंक कार्ड और प्रमाणपत्र, अनिवार्य योग्यता डिग्री में प्राप्त अंक तथा जाति, अनुभव आदि के प्रमाण पत्र अपलोड करना और जमा करना अनिवार्य हैं। इन अनुलग्नकों के बिना आवेदन तत्काल तौर पर खारिज कर दिए जाएँगे। इस संबंध में आगे किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. जिन उम्मीदवारों को स्नातक की डिग्री के संबंध में सीजीपीए/जीपीए प्रणाली के तहत ग्रेडेशन प्रदान किया जाता है, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे सीजीपीए/जीपीए को उचित प्रतिशत में बदलने के लिए विश्वविद्यालय/संस्थान के दिशानिर्देशों के अनुसार प्राप्त अंकों का सही प्रतिशत जमा करें। प्रमाण पत्र सत्यापन के समय रूपांतरण सूत्र के लिए दस्तावेजी साक्ष्य प्रदान करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है।
7. आवेदन पत्र में आवेदकों द्वारा भरे गए विवरणों को परीक्षा का परिणाम प्रकाशित करने से पहले विधिवत सत्यापित किया जाएगा। यदि उम्मीदवार अपने द्वारा भरे गए विवरण के लिए प्रामाणिक साक्ष्य प्रदान करने में विफल रहते हैं, तो उनकी उम्मीदवारी को तत्काल तौर पर जब्त कर लिया जाएगा।
8. 01.01.2004 को या उसके बाद संस्थान की सेवा में नियुक्त सभी कर्मचारी नई पेंशन योजना (एनपीएस) के अंतर्गत कवर किए जाते हैं ।
9. संस्थान के संवर्ग एवं भर्ती नियमों के अनुसार, जहाँ कहीं सीधी भर्ती, भर्ती की पद्धति के रूप में प्रदान की जाती है, वहाँ पदों को निदेशक के विवेक पर, प्रतिनियुक्ति या अनुबंध पर भी भरे जा सकते हैं। सेवा की अवधि के दौरान, प्रत्येक कर्मचारी योजना, विनियमों और उपनियमों (एसआरबी), प्रशासनिक नियमावली, अन्य वैधानिक दस्तावेजों, सीसीएस (आचरण) नियमों और सीसीएस (सीसीए) नियमों आदि का अनुसरण, पालन, और अनुपालन करेगा।
10. निर्धारित योग्यताएँ आवश्यक न्यूनतम हैं और केवल यह तथ्य कि एक उम्मीदवार के पास ये योग्यताएँ है, उन्हें लिखित परीक्षा के लिए बुलाए जाने का अधिकार नहीं देगा।
11. उम्मीदवारों को केवल आईआईएससी भर्ती पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना है। उम्मीदवार को ऑनलाइन जमा किए गए आवेदन का एक प्रिंट-आउट लेना चाहिए और भविष्य के संदर्भ के लिए इसे अपने पास रखना चाहिए।
12. सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/स्वायत्त निकायों में कार्यरत उम्मीदवारों को वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहिए और ऑनलाइन अपलोड करना चाहिए। तथापि, एनओसी के बिना आवेदन पर भी विचार किया जाएगा, बशर्ते उम्मीदवार विधिवत हस्ताक्षरित वचनपत्र अपलोड करें कि प्रमाण पत्र के सत्यापन के समय एनओसी जमा किया जाएगा।
13. उम्मीदवारों को अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा किए बिना अग्रिम रूप से आवेदन जमा करना चाहिए।

14. लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए बुलावा पत्र केवल पात्र उम्मीदवारों को और केवल ई-मेल द्वारा भेजे जाएँगे। उम्मीदवारों को अपने पंजीकृत मेल को बार-बार जाँचना आवश्यक है। उन आवेदकों के साथ कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा जो लिखित परीक्षा के लिए पात्र नहीं हैं।
15. संस्थान बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। संस्थान किसी भी प्रशासनिक कारण से किसी भी चरण पर विज्ञापन / भर्ती को रद्द करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है। इस संबंध में किसी भी प्रकार के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
16. उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए स्वयं के खर्चे पर उपस्थित होना होगा।
17. संस्थान उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए गए पूर्ववृत्त और दस्तावेजों को सत्यापित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यदि यह पाया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेज असली नहीं हैं, तो सेवाओं को उचित प्रक्रिया के बाद समाप्त कर दिया जाएगा और नियुक्ति के बाद भी ऐसे उम्मीदवारों के खिलाफ अनुशासनात्मक / आपराधिक कार्यवाही की जाएगी।
18. ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए भर्ती पोर्टल **07.02.2022 से 28.02.2022** तक खुला रहेगा।

इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे अधिसूचना और अन्य विवरण के लिए संस्थान की वेबसाइट https://iisc.ac.in/positions-open देखें।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि: 28.02.2022**

दिनांक: 07.02.2022

कुलसचिव